Title: Need to send a survey team to Uttar Pradesh to assess the damage caused by heavy rains and hailstorm.

श्री रेवती रमन सिंह (इलाहाबाद) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैंने आपके माध्यम से जो नोटिस दिया है, वह अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश पहले ही सूखे से ग्रसित प्रदेश रहा है। कम वर्ा के कारण वहां ज्यादातर फसलें सूख गई हैं। आज वहां के पूरे प्रदेश में ओला पड़ा है जिससे बची-खुची फसलें भी समाप्त हो गई हैं। मैं आपसे आग्रह करना चाहता हूं कि सरकार द्वारा तत्काल एक सर्वे टीम भेजकर सर्वे करवाया जाए जिसमें माननीय सांसदों को भी लिया जाए । इलाहाबाद में जमना पार की चारों तहसीलों में भारी ओला वृटि हुई है जिससे पूरी फसल नट हो गई है। मेरा आग्रह है कि आप सरकार को निर्देश दें कि वहां तत्काल सर्वे टीम भेजकर उसका सर्वेक्षण कराएं।

श्री कैलाश नाथ सिंह यादव (चन्दौली) :अध्यक्ष महोदय, मैं इस मामले में एसोसिएट करता हूं ।

MR. SPEAKER: Shri Kailash Nath Singh Yadav strongly associated himself with this matter. I agree that it is a very important issue.